हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, गुरुवार, 11 जनवरी 2024


तापमान

अधिकतम 14.0 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री


11 हर वर्ग तक पहुंचाया जा रहा योजनाओं का लाभः कमलेश





11 भाषण प्रतियोगिता में रितू ने मारी बाजी




## खबर संक्षेप

### जींदः रोजगार मेले का आयोजन कल

**जींद।** स्नातक स्तर के युवाओं के लिए 12 जनवरी को सुबह 11 बजे स्थानीय रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव, जागृति कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी डा. मंजू नरवाल ने बताया कि इस प्लेसमेंट में स्टार हैल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नियोजक द्वारा सेल मैनेजर तथा एजेंसी डिवलप्मेंट मैनेजर क पद पर नियुक्त किया जाएगा।

### नकली पुलिसकर्मी बन महिला से धोखाधड़ी की

**कैथल।** नाबालिग बेटी लापता होने के मामले को लेकर लघु सचिवालय में पहुंची एक महिला से आरोपी ने स्वयं को सीआईए का पुलिसकर्मी बताकर छह हजार रुपये ठगने का मामला प्रकाश में आया है। एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को शिकायत दी कि कुछ दिन पहले उसकी 17 वर्षीय बेटी लापता हो गई थी। इस संबंध में वह कैथल सचिवालय में आई हुई थी।

### सट्टा खाईवाल करते काबू, नगदी बरामद

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने लोको कालोनी में सट्टा खाईवाल करते एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 10300 रुपये की नगदी बरामद की है। शहर थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि लाको कालोनी निवासी मोहनलाल सट्टा खाईवाल का कार्य करता है। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर मोहनलाल को काबू कर लिया।

### कार की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**कैथल।** कलायत में अज्ञात कार चालक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव गुलाड़ी निवासी सचिन ने कलायत थाना में शिकायत दी कि एक जनवरी को रात करीब आठ बजे वह कलायत से मटौर की ओर मोटरसाइकिल पर जा रहा था।

### मारपीट करने पर तीन के खिलाफ मामला दर्ज

**जींद।** गांव बोहतवाला में कहासुनी के बाद हमला कर घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बोहतवाला निवासी अमित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह उसकी गांव के ही सोमिल से कहासूनी हो गई थी। जब वह घर वापस लौट रहा था तो रास्ते में सोमिल पक्ष ने उस पर हमला कर दिया। जिसमें उसे चोटें आई।

### घर से गहने, नकदी अन्य सामान चोरी

**कैथल।** दो अलग-अलग मामलों में चोर मकान से गहने, नकदी और अन्य सामान व टावर से उपकरण चोरी कर ले गए। पहले मामले में गांव दालमवाला जिला जींद निवासी रणबीर सिंह ने सदर थाना में शिकायत दी कि वह गांव दयोरा में एक निजी कंपनी के मोबाइल टावर पर काम करता है। आठ को रात में अज्ञात आरोपी टावर से जरूरी उपकरण चोरी कर ले गए।

### युवती को ब्लैकमेल कर यौन शोषण, मामला दर्ज

**जींद।** युवती के साथ दुष्कर्म कर ब्लैकमेल कर यौन शोषण करने पर महिला थाना पुलिस ने एक आरोपित के खिलाफ यौन शोषण करने, मारपीट करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर थाना इलाके की एक युवती ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### बिजली चोरी रोकने गई टीम को रोका, 2 नामजद

**कैथल।** गुहला पुलिस ने उरलाना में बिजली चोरी पकड़ने के लिए गई निगम की टीम का रास्ता रोक गांव के कुछ लोगों ने सरकारी कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज किया है। एसडीओ राहुल ने पुलिस को शिकायत दी कि सात को टीम उरलाना में बिजली चोरी के केस पकड़ने के लिए गई थी।

# कड़ाके की ठंड में पुलिस के जवानों को दिया जा रहा गर्मागर्म दूध

## जवानों को ठंड से बचाने व चुस्त-दुरूस्त रखने की कवायद, शहर में लगते हैं 41 नाके, प्रत्येक पर पांच कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कड़ाके की ठंड में आमजन जहां घरों में हीटर लगा कर सोते हैं वहीं पुलिस के जवान जनता की सुरक्षा के लिए जिले में लगाए रात्रि नाकों पर ड्यूटी कर रहे हैं। ठंड को देखते जींद पुलिस ने जवानों के लिए रात के समय गर्म दूध की व्यवस्था की है। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने बताया कि जिलेभर में सुरक्षा, कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग दिन रात ड्यूटी करता है। खासकर रात के समय होने वाली वारदात पर रोक लगाने के लिए पुलिसकर्मियों की रात के समय नाकों पर ड्यूटी भी लगी रहती है। बरसात हो या ठंड जवान ड्यूटी पर मुस्तैद रहते हैं लेकिन बीते कुछ दिनों से चल रही शीतलहर और कोहरे ने ठंड बढ़ा दी है। ऐसे में रात के समय ड्यूटी करने वाले जवानों का हाल बेहाल है। जवानों के लिए चाय व दूध की व्यवस्था से ठंड के बीच खुद में स्फूर्ति महसूस करते हैं। जींद में रात्रि के समय पुलिस 41 नाके लगाए जाते है। प्रत्येक नाके पर पांच पुलिस कर्मचारियों के अलावा रायडर व पीसीआर की गाड़ी मौजूद रहती है। जिससे प्रत्येक जवान सप्ताह में एक दिन नाका ड्यूटी जरूर करता है। ठंड से पूरी रात सड़कों पर देशवासियों की सुरक्षा के लिए तैनात जवानों को ठंड से राहत दिलाने के लिए दूध दिया जाता है।





जींद। नाके पर तैनात पुलिसकर्मी गरम दूध पीते हुए। फोटो :हरिभूमि

### कर्मियों को पिलाया जा रहा दूध : एसपी

पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने बताया कि पुलिस वेलफेयर के तहत इसकी शुरुआत की है। इस योजना के तहत टीएचसी अशोक कुमार के साथ एक टीम बना कर उनकी ड्यूटी इस कार्य के लिए लगाई गई है ताकि पुलिसकर्मी ठंड के बीच खुद को स्फूर्तिवान महसूस कर सकें।

## मांगे नहीं मानी तो अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान

# पटवारियों ने 2 दिन और बढ़ाई हड़ताल, लोगों की बढ़ी टेंशन

## जिला पटवार भवन में दिया धरना, सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

द पटवार एंड कानूनगो एसो. के आह्वान पर पिछले एक सप्ताह से चल रही पटवारियों हड़ताल को एसो. ने बढ़ा कर 12 जनवरी तक बढा दिया है। हडताल के चलते भूमि तथा राजस्व से जुडे. कार्यों के लिए आने वाले लोगों की ओर परेशानी बढ़ गई है। पटवारियों तथा कानूनगों ने मांगों को लेकर बुधवार को भी जिला पटवार भवन में धरना जारी रखा। इस दौरान सरकार पर हठधर्मिता का आरोप लगाते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पटवारियों तथा कानूनगो की हडताल बढ़ने से लोगो की परेशानी ओर बढ़ गई है। 75 से ज्यादा सेवाओं से पटवारी तथा कानूनगो जुड़े हुए हैं। हडताल से सेवाएं प्रभावित हो गई है। लोग भूमि, रा'स्व से जुड़े काम को लेकर पटवार भवन पहुंच रहे हैं लेकिन पटवारियों की हडताल के चलते काम नहीं हो पा रहे है। रजिस्ट्रीयां, इंतकाल, फर्द व अन्य दस्तावेज वेरीफाई, निशानदेही से संबंधित न लाने कितने कार्य हैं, जो पटवारियो की हडताल से ठप पडे हुए है। पटवारियों तथा कानूनगो ने कहा कि एक सप्ताह से वर्किंग दिनों में पटवारी-कानूनगो हडताल पर है। सरकार को समय भी दिया गया। बावजूद इसके सरकार ने काई बातचीत नहीं की। जिसके चलते हडताल को 12 तक बढा दिया गया है। अगर सरकार अवधी तक मांगों पर विचार नही करती तो हडताल अनिश्चितकाल में बदल जाएगी।



जींद। रोष जताते पटवारी। फोटो :हरिभूमि



कैथल। हड़ताल के दौरान धरना देते पटवारी। फोटो :हरिभूमि

### काम ज्यादा, पटवारी कम

द पटवार कानूनगो एसासिएशन के जिलाध्यक्ष सूबे सिंह ने कहा कि सरकार हठधर्मिता पर अड़ी है। सरकार ने मांगें नहीं मानी तो हडताल बढा कर 12 जनवरी तक कर दी गई है। फिर भी सरकार ने उनकी मांग नहीं मानती तो यह अनिश्चितकाल में तबदील हो जाएगी। उन्होंने कहा कि पटवारियों पर काफी सेवाएं निर्भर करती हैं। काम 'यादा बढता जा रहा है। जबकि पटवारियों की संख्या घटती जा रही है। प्रदेशभर में पटवारी की संख्या चार हजार के आसपास होनी चाहिए थी लेकिन प्रदेश मे 1400 पटवारियों से तीन गुणा कार्य लिया जा रहा है। उनकी मांग है कि बढाए गए वेतनमान को एक जनवरी 2016 से लागू करने, 24 जनवरी 2023 वास्तविक रूप से लागू करने, लंबित पडे नायब तहसीलदार की विभागिय परीक्षा करवाई जाए। खाली पदों पर नियमित भर्ती की जाए।

### कैथलः इंतकाल गिरदावरी और रजिस्ट्री नहीं हुई

**कैथल।** सरकार द्वारा सुनवाई न करने के विरोध में पटवारियों ने दो दिन की हड़ताल और बढ़ा दी है। शनिवार और रविवार के चलते अगले चार दिन लोगों के काम बाधित रहेंगे। पटवारियों ने दिनभर विरोध प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। पटवारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। जिला प्रधान दिलबाग सिंह ढुल ने कहा कि राज्य कार्यकारिणी के आह्वान पर 11 और 12 जनवरी को धरना और सांकेतिक धरना जारी रहेगा। वे लगातार सरकार से वार्ता करने की मांग कर रहे हैं लेकिन सरकार सुनवाई नहीं कर रही। पूर्व महासचिव दिलबाग सिंह ढुल ने कहा कि सरकार हठधर्मिता छोड़े और पटवारियों की मांग पर ध्यान दें। महासचिव सुखविंद्र सिंह ने कहा कि सरकार जल्द पटवारियों की मांग पूरी करे। पूर्व प्रधान राजा राम, सुखबीर राणा, अशोक कुमार, रामनिवास शर्मा, हेमंत शर्मा, दलबीर सिंह, कृष्ण कुमार कानूनगो, सुमित, विरेंद्र सिंह, अशोक कुमार, बलविंदर सिंह आदि मौजूद रहे। इन संगठनों ने दिया समर्थनः पटवारियों के विरोध प्रदर्शन के दौरान विभिन्न कर्मचारी, धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने समर्थन दिया। अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन हरियाणा के राज्य महासचिव प्रेम चंद, जनवादी महिला समिति की प्रदेश उपाध्यक्ष रामकली, प्रधान रमेश हरित, सीआईटीयू जिला सचिव नरेश, किसान संगठनों से हरमीत व इंद्र सिंह, सुखदेई आदि ने पटवारियों को समर्थन की घोषणा की। किसान इंद्र सिंह ने कहा कि किसान आंदोलन में कर्मचारियों ने उनका साथ दिया।



जींद। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते आल हरियाणा अर्थ मूवर्स एसोसिएशन सदस्य।

# मिट्टी उठान कार्य को माइनिंग से बाहर करने की मांग उठाई

- अर्थ मूवर्स ने लघु सचिवालय पर किया प्रदर्शन, डीसी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आल हरियाणा अर्थ मूवर्स एसोसिएशन के आह्वान पर बुधवार को जिलेभर के मिट्टी उठाने के कार्य करने वाले लोगों ने मिट्टी उठाने के कार्य को माइनिंग व भूगर्भ विभाग से अलग करने की मांग को लेकर लघु सचिवालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी लोंों ने मांगों को लेकर डीसी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने चेताया कि 20 जनवरी तक उनकी मांग नहीं मानी गई तो 20 के बाद वह मिट्टी उठाने का कार्य पूरे हरियाणा में बंद कर देंगे। ज्ञापन सौंपने से पहले आल हरियाणा अर्थ मूवर्स एसोसिएशन ने गोहाना रोड पर एकत्रित हुए। आनंद, पवन बूरा, सुनील ने कहा कि मिट्टी उठाने व डालने का कार्य किसान व मजदूर करते हैं। कुछ लोग ट्रेक्टरों द्वारा यह कार्य करते हैं, जिससे उनकी रोजीरोटी चलती है। मिट्टी उठाने से कोई भी कार्बन उत्सर्जन नहीं होता और न ही मिट्टी उठाने के लिए ब्लॉस्ट किए जाते हैं। ऐसे में इस कार्य पर एनजीटी के निर्देश लागू नहीं होने चाहिएं। उन्होंने कहा कि माइनिंग विभाग उन्हें बेवजह परेशान कर रहा है। इस कारण मिट्टी के कार्य से जुड़े लोगों की रोजी रोटी का खतरा पैदा हो गया है। लाखों परिवार खेतों से मिट्टी उठाने के कार्य से जुडे हैं। किसान पानी तथा अन्य समस्याओं के चलते अपने खेत को समतल करवाने के लिए मिट्टी उठवाता है। अगर किसी के पास अनुमति नहीं है तो माइनिंग विभाग भारी भरकम जुर्माना लगाता है।

### भारी भरकम जुर्माना

किसान अपनी मर्जी से अपने खेत को समतल नहीं करवा सकता। यदि किसान अपनी मर्जी से ऐसा करता है तो माइनिंग विभाग उस पर पांच से 20 लाख रुपये तक जुर्माना लगा देता है। इस कारण किसान ये जुर्माना नहीं भर पाता और उसका ट्रेक्टर या अन्य वाहन जब्त हो जाता है। इसी कारण कोई व्यक्ति अपने प्लाट में मिट्टी नहीं डलवा पा रहा। वक्ताओं ने कहा कि मिट्टी उठाने के कार्य पर कोयला खानों, पहाड़ खानों जैसे नियम लागू हैं जोकि गलत हैं। इस कार्य को इस विभाग से अलग किया जाए। क्योंकि जब विभाग चालान काटता है तो वह पांच से 20 लाख रुपये तक का होता है। जोकि गरीब लोग अपना ट्रेक्टर छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं।

# ट्रैफिक पुलिस ने हटवाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

ट्रैफिक पुलिस की टीम ने पुराना बस अड्डा के पास सड़क से रेहड़ी हटवाकर अतिक्रमण को हटवाया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बुधवार को थाना प्रबंधक यातायात एसआई रमेश कुमार की अगुवाई में ट्रैफिक पुलिस की टीम ने पुराना बस अड्डा के पास से अतिक्रमण हटवाया गया। कार्रवाई के दौरान सड़क पर रेहड़ी खडी कर व दुकानदारों द्वारा सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण करने वालों को समझाया तथा उन्हें बताया कि सड़क पर रेहड़ी लगाकर या सामान रखकर यातायात व्यवस्था को बाधित करने के पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीम द्वारा सडक के दोनो साइड पीली पट्टी बनाई गई तथा हिदायत दी गई कि इससे आगे कोई भी दुकान या रेहड़ी वाला सामान नहीं रखेगा। इस अवसर पर दुकानदारों तथा रेहडीवालो द्वारा पुलिस की इस मुहिम की प्रशंसा की गई तथा सहयोग देते हुए आश्वासन दिया गया कि वे आगे से पुलिस प्रशासन के कल्याणकारी कार्य में सहयोग करके सडक पर अतिक्रमण नहीं करेंगे। प्रवक्ता ने कहा कि दुकानदारों द्वारा सड़क पर सामान रखने, रेहड़ी लगाने व दुकान के आगे व्हीकल खडा होने से रास्ता काफी तंग हो जाता है।



कैथल। दुकानों के सामने से अवैध अतिक्रमण हटवाती पुलिस। फोटो :हरिभूमि

### मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपित के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** गांव दिल्लूवाला में सप्ताह पहले दो पक्षों के बीच हुए झगड़े में गोलियां चलाई गई थी। जिसमें छर्रे लगने से तीन महिलाएं घायल हुई थी। मेडिकल रिपा्रेट में छरा्रे की पुष्टि होने पर अलेवा थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ जानलेवा हमला करने, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव दिल्लूवाला निवासी कस्तूरी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दो जनवरी को वह रिश्तेदारी में शोक व्यक्त कर घर वापस लोट रही थी। उस दौरान गांव के दीवान सिंह तथा नेकी परिवार के लोग आपस में झगड़ रहे थे। जब वहां खड़ी हुई तो उसके घुटनों में जलन होने लगी। उसने पीछे मुड कर देखा तो रोहचक छत से गोलियां चला रहा था। आरोपित ने दो-तीन फायर किए। जिसमें उसके अलावा मोनी देवी तथा अंजली को भी छर्रे लगे थे। जिसमें तीनों महिलाओं के साथ सुखविंद्र, दशरथ, हरिश को घायलों हालात में नागरिक अस्पताल मे भर्ती करवाया गया था। हालात संदेहजनक होने पर पुलिस ने पुलिस ने रपट दर्ज की थी।

# किसानों ने की सरकार विरोधी नारेबाजी

- सोसायटियों ब्याज लेना बंद करे वरना लगा देंगे जाम : भूराराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

भारतीय किसान संयुक्त मौर्चा की एक बैठक किसान भवन पूंडरी में हुई, जिसकी अध्यक्षता भाकियू के युवा प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य ढांड ने की। बैठक में सैंकड़ो किसानो ने भाग लेकर सरकार के खिलाफ मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की। बैठक में मुख्य तौर पर महासचिव भूराराम पबनावा व राष्ट्रीय सलाहकार अजीत सिंह हाबड़ी ने शिरकत की। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं बारे विचार-विमर्श किया गया। भूराराम पबानावा ने किसानों की समस्याएं बारे बताया कि सोसायटियों का हुड्डा सरकार ने ब्याज माफ किया था और ये 12 साल से बंद था, लेकिन इस साल सरकार ये ब्याज ले रही है। सरकार इस ब्याज को लेना बंद करें, नहीं तो किसान सडकों पर जाम लगा देंगे। गांव में गरीब किसान व मजदूरों के बिल बहुत ज्यादा आए हुए हैं, सरकार इन बिलों को सही ढंग से भेजे। जो अवारा पशु सडकों पर घुम रहे हैं, उनका इंतजाम सरकार करे। सरकार यूरिया खाद का वजन बार-बार घटा रही है, यदि वजन घटाया है तो इसके रेट भी कम किए जाए।



पूंडरी। मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते किसान।

## मां ने रखी नींव, सरकार 71. 57 लाख से बनाएगी ग्राम सचिवालय

# प्रेमपुरा की सरपंच ने सचिवालय के लिए दी दो कनाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

प्रेमपुरा गांव में आधुनिक ग्राम सचिवालय बनाने के लिए गांव की सरपंच परविन्द्र कौर एवं सरपंच प्रतिनिधि सतनाम सिंह ने जमीन से सरकार को 2 कनाल जमीन दान दी है। सरकार अब जमीन पर 71 लाख 57 हजार की धनराशि खर्च करके मार्डन सचिवालय बनाएगी। इस सचिवालय का आज सरपंच की सास मां प्रकाश कौर ने नींव रखी। जानकारी देते हुए सरपंच परविन्द्र कौर ने बताया कि अब उनके गांव में 2 कनाल जमीन में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित ग्राम सचिवालय बनेगा। यह सचिवालय एक वर्ष में बनकर तैयार हो जाएगा। पंचायती विभाग ने इसकी ड्राइंग तैयार कर दी है। बुधवार को इसकी नींव रख दी गई है। इस सचिवालय के बनने से उनके गांव के लोगों को अपने सरकारी कामों के लिए सीवन, कैथल के सरकारी कार्यालयों में चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। सचिवालय में मिटिंग हाल के साथ साथ सरपंच के लिए अलग से ऑफिस भी बनाया जाएगा। सरपंच प्रतिनिधि सतनाम सिंह ने बताया कि इस सचिवालय में सीएचसी सेंटर भी बनाया जाएगा। इसके बनने के ग्रामीणों के बिजली, पानी के बिल, आधार कार्ड बनाने, जमीन संबंधी सभी कार्य भी गांव में ही होने लगेंगे। इस सचिवालय की एक विशेषता यह भी रहेगी कि इसमें एक आधुनिक ई-लाइब्रेरी भी बनाई जाएगी।



ग्राम सचिवालय की नीवं रखते प्रकाश कौर, सरपंच परविन्द्र कौर व अन्य।

### ये रहे मौजूद

सचिवालय के शुभारंभ अवसर पर पहुंचे ग्रामीण रणजीत सिंह, बलविन्द्र पूर्व सरपंच, कुलदीप सिंह एनआरआई ने कहा कि इस सचिवालय का ग्रामीणों को आने वाले समय में काफी फायदा होगा। इस मौके पर पंचायत विभाग के जेई सतीश सैनी, चरण सिंह, ध्यान सिंह, विक्रम सिंह एडवोकेट, कृष्ण राणा आदि भी उपस्थित थे।



जींद। अवैध कालोनी में भरी नींव उखाड़ती जेसीबी मशीन। फोटो :हरिभूमि

### सफीदोंः अवैध कॉलोनियों में चलाया पीला पंजा

**सफीदों।** नगर के पानीपत रोड पर बुधवार को जिला प्रशासन के आदेशों पर अवैध कालोनियों पर पीला पंजा चलाया गया। जिसमें अवैध कालोनियों में भरी गई नींव को तोड़ा गया। इसमें बालाजी कॉलोनी में अढ़ाई एकड़ व सरनाखेड़ी मोड़ से आगे पानीपत रोड पर आठ एकड़ में कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई की अगुवाई जिला नगर योजनाकार अमित बधोलिया ने की। किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए सिटी एसएचओ ईश्वर सिंह के साथ व्यापक पुलिस बल तैनात रहा। सफीदों क्षेत्र में अवैध कालोनियों में हो रहे निर्माणों को हटवाने के लिए डीटीपी के दस्ते ने अचानक कार्रवाई शुरू की तो कालोनाइजरों में हडकंप मच गया। जिला नगर योजनाकार अमित बधोलिया ने कहा कि कोई भी आम आदमी अपनी खून पसीने की कमाई अवैध कालोनियों में प्लांट खरीद कर नहीं लगाए। सभी लोगों को वैध कालोनियों में प्रॉपटी की खरीद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विभाग ने अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत नगर के सभी अवैध निर्माणों को हटवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध निर्माण करने वालों को पहले नोटिस दिए गए थे। नोटिस जारी होने के बावजूद भी लोगों द्वारा अवैध निर्माणों को नहीं हटाया गया तो विभाग ने यह कार्रवाई की है।

## खबर संक्षेप

### रोडवेजकर्मी 24 को हड़ताल करेंगे

**जींद।** रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ के रा'य प्रधान आजाद गिल और रा'य उप प्रधान संदीप रंगा ने कहा कि 24 दिसंबर को करनाल के अंदर सैंकड़ों रोडवेज कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के आवास का घेराव किया। गिल ने बताया कि 10 मार्च 2023, 23 जून और अब 13 दिसंबर को सांझा मोर्चा की सरकार के साथ वार्ता हुई है।

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ 19 को करेगा प्रदर्शन

**जींद।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक अक्षर भवन में प्रधान छा'जू राम नैन की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन सचिव राजकुमार श्योकंद ने किया। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बातचीत कर मानी गई मांगों को पूरा नहीं किया गया। जिससे रिटायर्ड कर्मचारियों में भारी रोष है जो मेडिकल कैशलैस व 65, 70, 75, वर्ष आयु पूरी करने वाले रिटायर्ड कर्मचारियों को पांच प्रतिशत का लाभ दिया जाएगा।

### युवती व महिला संदिग्ध हालात में लापता

**जींद।** दो स्थानों से महिला तथा युवती के गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ बंधक बनाने के मामले दर्ज किए हैं। सफीदों निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 22 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। वहीं गांव करसोला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 22 वर्षीय पत्नी घर से गायब हो गई।

### बांगर की धरती से 28 को होगी बदलाव की शुरूआत

**उचाना।** 28 जनवरी को बांगर की धरती जींद से बदलाव की शुरूआत होगी। आम आदमी पार्टी द्वारा विशाल रैली का आयोजन किया जा रहा है। दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल, पंजाब सीएम भगवत मान के अलावा आप के बड़े नेता इस विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। आप व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान ने पत्रकार वार्ता में जानकारी देते कहा कि रैली के संदर्भ में आप के स्थानीय नेताओं की मीटिंग हुई।

### गांव मुआना से युवती लापता, मुकदमा दर्ज

**जींद।** गांव मुआना से युवती के गायब होने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मुआना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत नौ जनवरी को उसकी 17 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नहीं लगा।

### यूरिया बैग को 40 किलो करना किसान विरोधी

**उचाना।** दीपेंद्र हुड्डा ब्रिगेड के प्रदेशाध्यक्ष विकास खटकड़ ने कहा कि भाजपा सरकार का किसान विरोधी चेहरा सामने आ गया है। सरकार का यूरिया बैग 40 किलो करना किसान विरोधी निर्णय है। पहले ही खेती पर बढ़ रहे खर्च से किसान के लिए खेती घाटे का सौदा बनती जा रही है। निरंतर इस तरह के सरकार के फैसले से खेती पर किसान का खर्च बढ़ेगा। केंद्र सरकार के यूरिया के बैग को 50 से 40 किलो का कर दिया है।

### लाभ लेने के लिए फसल पंजीकरण अनिवार्य

**जींद।** सरकार की योजनाओं का फायदा लेने के लिए किसानों को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के पोर्टल मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि विभाग द्वारा पोर्टल मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल चलाया जा रहा है।

### दो स्थानों पर टूटे ताले हजारों का सामान चोरी

**जींद।** जिले में बीती रात चोरों ने दो स्थानों पर ताले तोड़ कर हजारों रुपये कीमत का सामान चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बेलरखां निवासी आंगनवाडी वर्कर शीला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने आंगनबाड़ी का ताला तोड़ कर तीन गैस सिलेंडर को चोरी कर लिया।

---

### औद्योगिक क्षेत्र में सुविधा नही, फिर भी दे रहे मेंटेनस चार्जिज

# जींद के औद्योगिक क्षेत्र के बहुरेंगे दिन, उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**इंडस्ट्रीयलिस्ट से की बातचीत, औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं को जाना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हांसी रोड स्थित एचएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र के दिन बहुरेंगे। औद्योगिक क्षेत्र जींद में सड़क, सफाई व्यवस्था, सीवरेज जैसी मूलभूत सुविधाओं को शीघ्रता से ठीक करवाया जाएगा ताकि औद्योगिक क्षेत्र का माहोल अच्छा बने और जिला में औद्योगिक क्षेत्र का अधिकाधिक विकास हो सके। औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं को लेकर डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का जिला स्तर पर समाधान हो सकता है, उनका जिला स्तर एवं अपर स्तर की समस्याओं को मुख्यालय भेजकर तुरंत उनका निदान करवाया जाए।

**इंडस्ट्रीयल एरिया में मौजूद गंदगी को देख तुरंत व्यवस्था बनाने के दिए आदेश:** उपायुक्त ने जींद के औद्योगिक क्षेत्र की वहां सुविधाओं एवं समस्याओं का स्वयं जायजा लिया। इस दौरे के दौरान उन्होंने सड़क, अंकुर स्टील इंडस्ट्री सहित आसपास के क्षेत्र का मुआयना किया और वहां पर फैली गंदगी एवं रास्ते में पडे. पाइपों को देखकर एचएसआईडीसी के एसडीओ को तुरंत प्रभाव से उसे ठीक करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान सभी सीवरेजों के ढक्कन खुले पाए जाने पर अधिकारियों को इसे तुरंत ठीक करने के लिए कहा। उन्होंने इस दौरान ई-रिक्शा, स्कूली बैंच आदि समान बनाने वाली कंपनी का निरीक्षण किया और उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त, एसडीएम एवं एसीयूटी ई-इलैक्ट्रीक रिक्शा में बैठे।

**औद्योगिक क्षेत्र में सुविधा नही, फिर भी दे रहे मेंटेंस चार्जिज:** बैठक में औद्योगिक क्षेत्र में एसोसिएशन द्वारा उपायुक्त के समक्ष शिकायत रखी गई कि पिछले काफी समय से उन्हें यहां मूलभूत सुविधाओं का आभाव है परंतु फिर भी वे एचएसआईडीसी को मेंटेंस चार्जिज दे रहे हैं। उनका ये चार्जिज कम या माफ किया जाए। जिस पर उपायुक्त ने कहा कि इसके लिए एसोसिएशन के सदस्य एक प्रेजेंटेशन बना कर दें उसके बाद यह मामला सरकार के संज्ञान में लाया जाएगा। इससे पूर्व उन्होंने विभाग के अधिकारियों की औद्योगिक क्षेत्र स्थित लैदर कैमिकल फैक्टरी के सभागार में बैठक ली।

उन्होंने एचएसआईडीसी के अधिकारियों को कहा कि वे अपने जींद कार्यालय में भी सप्ताह में दिन निर्धारित करें और उस दिन वहां पर नरवाना एचएसआईडीसी कार्यालय से कर्मचारियों से डियूटी लगाना सुनिश्चित करें ताकि यहां आने वाली समस्याओं का समाधान यहीं पर हो सके। एक कारोबारी द्वारा शिकायत रखी गई कि 21 दिनों पूर्व अतिरिक्त उपायुक्त डा. हरीश वशिष्ठ के निरीक्षण दौरे के दौरान एक सीवरेज के पानी की लीकेज की समस्या थीद्ध जिसको अधिकारियों द्वारा तीन दिन में ठीक करने बारे कहा गया था। परंतु वह अब तक 'यों की त्यों है। इस पर उपायुक्त ने उसका तुरंत मोबाइल पर फोटो मंगवाया और संबंधित जेई को इस समस्या को तुरंत प्रभाव से ठीक करने के लिए कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एचएसआईडीसी की जमीन पर किसी प्रकार का कोई अतिक्रमण न हो यदि है तो उसे तुरंत हटवाएं और औद्योगिक क्षेत्र के लिए हरियाणा कौशल रोजगार निगम से चौकीदार लगवाएं।



गंदगी को देख तुरंत प्रभाव से सफाई के आदेश देते डीसी। फोटो : हरिभूमि

### डीसी को पीने के पानी में सीवरेज के पानी की मिलावट की मिली शिकायत

उपायुक्त ने इस दौरे के दौरान एचएसआईडीसी एसोसिएशन द्वारा रखी गई शिकायत पीने के पानी में सीवरेज के पानी की मिलावट पर संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इसका तुरंत समाधान करे एवं भविष्य में ऐसी शिकायत नहीं आनी चाहिए नही तो संबंधित अधिकारी पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने अधिकारियों से सीटीपी के बारे में जानकारी ली और कहा कि इस कार्य दोबारा टैंडर लगा कर जल्द से जल्द चालू करवाया जाए।

### औद्योगिक क्षेत्र में 24 घंटे मौजूद हो फायर ब्रिगेड की गाड़ी : उपायुक्त

औद्योगिक क्षेत्र में बरसात के अलावा भी यदि किसी समय पानी जमा होता है तो उसे भी पंप द्वारा तुरंत निकलवाएं। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र में फायर ब्रिगेड के लिए दो कमरे, 24 घंटे एक फायर ब्रिगेड की गाड़ी लगाने के निर्देश दिए ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। इस दौरान उनके साथ अतिरिक्त उपायुक्त डा. हरिश वशिष्ठ, जींद के एसडीएम डा. पंकज, एसीयूटी अंकित चौकसे, कार्यकारी अभियंता रविंद्र जाखड़, एस्टेट मैनेजर दिनेश दलाल, एसडीओ अमनदीप, जेई दरियाव सिंह, जिला के एचएसआईडीसी एसोसिएशन के प्रधान अभिषेक गोयल, विनोद गर्ग, रोहताश नरवाल, नरेश शर्मा भी उपस्थित थे।

---



नरवाना। विद्यार्थियों को सम्बोंधित करते जयपाल आर्य। फोटो : हरिभूमि

### नाहर सिंह बलिदान दिवस मनाया

**नरवाना।** बुधवार को केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना की राष्ट्रीय सेवा योजना शाखा द्वारा विश्व हिन्दी दिवस नाहर सिंह बलिदान दिवस एवं चौधरी छोटू राम की पुण्यतिथि पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को मातृभाषा, संस्कृति, सभ्यता एवं परंपराओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ मीनू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भाषा संस्कृति की आत्मा है। भाषा मात्र विचारो का आदान-प्रदान ही नहीं वल्कि संस्कारों, जीवन मूल्यों और परंपराओं का वैज्ञानिक एवं प्राकृतिक आधार है। हिंदी विश्व की तृतीय बड़ी भाषा है हिंदी संपूर्ण भारतीय उपमहाद्वीप में बोली और समझी जाती है। कार्यक्रम संचालक जयपाल सिंह आर्य ने कहा कि विश्व के लगभग 130 देश में हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय हैं। हिंदी जीवन के विभिन्न शिक्षा, चिकित्सा, वाणि'य, अनुसंधान इत्यादि आयामों में समाहित है। उन्होने कहा कि एक कहावत है कि कोस कोस पर बदले पानी चार कोस पर बदले वाणी। और 1857 के महान स्वतंत्रता सेनानी राजा नाहर सिंहए गुलाब सिंह एवं भूरा सिंह को चांदनी चौक में फांसी पर लटका दिया गया।



सफीदों। बैठक में संकल्प लेते कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### सफीदों को अयोध्या धाम जैसा बनाने का संकल्प

**सफीदों।** आगामी 22 जनवरी की तैयारियों को लेकर विश्व हिंदू परिषद सफीदों के तत्वाधान एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बजरंग दल, दुर्गावाहिनी व मातृशक्ति के सहयोग से स्थानीय होली मोहल्ला स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर में विश्व हिंदू परिषद रोहतक विभाग मातृशक्ति संयोजिका दर्शना गौतम की अगुवाई में एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष अरविंद शर्मा ने की। बैठक में फैसला लिया गया कि आगामी 22 जनवरी को सफीदों के विभिन्न मंदिरों में श्री अयोध्या धाम में श्री रामलला का नूतन विग्रह विराजमान होने की खुशी में अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विहिप मातृशक्ति रोहतक विभाग संयोजिका दर्शना गौतम ने कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलवाया कि वे 22 जनवरी को 16 शुभ कार्य करेंगे और दूसरों को भी करने के लिए प्रेरित करेंगे। दर्शना गौत्तम ने कहा कि 500 वर्ष के लंबे संघर्ष के बाद दो-दो बार दीपावली मनाने का संयोग बना रहा है। उन्होंने कहा कि सभी अपने-अपने घरों तथा बस्ती के मंदिरों की साफ सफाई करें, नए कपड़े पहने, अपने-अपने घरों पर भगवा ध्वज फहराएं, रंगोली बनाएं, पूजा व हवन करें, फूल मालाओं से साज-सज्जा करें, राम दीपक 'योति जलाएं, घरों में पकवान बनाएं, निकट के मंदिर में जाएं, भगवान को भोग लगाएं।

---



सफीदों। नगर कीर्तन के आगे-आगे चल रहे पंच प्यारे। फोटो : हरिभूमि

### धूमधाम से मनाई गुरू गोबिंद सिंह जयंती

**सफीदों।** गुरूद्वारा सिंघ सभा सफीदों शहर के तत्वावधान में बुधवार को गुरू गोबिंद सिंह जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरूद्वारा के प्रधान पोला सिंह ने की। इस अवसर पर शहर में विशाल नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन की अगुवाई पंच प्यारों ने की। रास्ते भर लोगों श्री गुरू ग्रंथ साहिब पालकी पर शीश नवाया व प्रसाद ग्रहण किया। पालकी के आगे-आगे श्रद्धालुगण जल छिड़कते व झाड़ू से मार्ग को साफ करते हुए चल रहे थे। नगर कीर्तन में गुरू गोबिंद सिंह के जीवन चरित्र से संबंधित झांकी विशेष रूप से दृशनीय रही। वहीं फौजी बैंड ने भी अपनी कलाबाजियां दिखाई। नगर कीर्तन का अनेक स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया और लंगर का आयोजन किया गया। नगर कीर्तन में गतका पार्टी ने अपने-अपने करतब दिखाकर सभी को हैरान कर दिया।

## स्वास्थ्य निरीक्षक ने दो उपस्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण

- गर्भवती महिलाओं तथा ग्रामीणों को स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

सिविल सर्जन डा. गोपाल गोयल के निर्देशानुसार बुधवार को नियमित टीकाकरण के तहत स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने नगूरां, शाहपुर, जीवनपुर आदि जगहों पर गर्भवती महिलाओं व लोगों को 0-5 वर्ष तक के बच्चों को जानलेवा बीमारियों जैसे काली खांसी,गल घोटू, दिमागी बुखार, टेटनेस, पोलियो, दस्त, खसरा, निमोनिया तथा टीबी आदि रोकथाम के लिए टीकाकरण के प्रति पे्ररित किया।



नगूरां उपस्वास्थ्य कैंद्र पर बच्चे का टीकाकरण करती एएनएम राजबाला व हरिता।

उन्होंने कहा कि वह गर्भवती महिलाएं जिनमें खून की कमी हैं, सर्दी के मौसम में पालक, बथुआ, मैथी, गाजर, चुकंदर, हरी पत्तेदार सब्जियां, गज्जक तथा फोलिक एसिड, आयरन, कै ल्शियम, एल्बेंडाजोल गोलियों के अलावा विटामिन सी युक्त खटटे फलों का सेवन करें ताकि उनका स्वास्थ्य स्वस्थ रह सके। जिन महिलाओं में खून की कमी है उनके लिए पीएचसी नगूरां पर आइपीडी की सुविधा के अंतर्गत आयरन सुक्रोज के टीके उपलब्ध है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को समय-समय पर गलघोंटू तथा टेटनेस के टीके लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मिलने वाली औपचारिक सुविधाएं जैसे खून, बुखार, डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, बलगम की जांच व प्राथमिक उपचार की सुविधा आयुष्मान कार्ड धारक के लिए मुफ्त में उपलब्ध हैं। अगर पीएचसी में बीमारी के इलाज के लिए आएं तो साथ में आयुष्मान कार्ड लेकर आएं ताकि स्कीम का 'यादा से 'यादा लाभ लोगों को मिल सकें। उन्होंने कहा कि लोगों को चाहिए कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनहित के लिए चलाई योजनाओं का लाभ लेना चाहिए।

### एक दिवसीय चित्रकला कार्यशाला कल

**जींद।** संस्कार भारती के प्रांत चित्रकला प्रमुख दीपक कौशिक ने बताया कि अयोध्या में बन रहे भगवान श्री राम के मंदिर में 22 जनवरी को श्री राम की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसके लिए पूरा देश उत्साहित है। संस्कार भारती अखिल भारतीय संस्था कला को बढ़ावा देने के लिए कार्य करती है। 12 जनवरी को गोपाल विद्या मंदिर परिसर में एक दिवसीय चित्रकला कार्यशाला रामायण के सात कांडो पर आधारित रहेगी। जिसका आयोजन हरियाणा कला परिषद एवं संस्कार भारती के संयुक्त तत्वाधान में रहेगा।



## जजपा बांगर से करेगी बूथ योद्धा प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत

- पांचों विधानसभा से पहुंचेंगे बूथ योद्धा, एक बूथ पर बनाया गया है एक बूथ योद्धा
- 12 जनवरी को जींद में डिप्टी सीएम सिखाएंगे युवाओं को राजनीति के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

जेजेपी द्वारा प्रदेशभर में बूथ योद्धा बनाए गए है। एक बूथ पर एक युवा कार्यकर्ताओं को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। बूथ योद्धा प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत बांगर की धरती से जेजेपी कर रही है। पूरे प्रदेश में जिलास्तर पर बूथ योद्धा प्रशिक्षण शिविर आयोजित होंगे। 12 जनवरी को जेजेपी के बूथ योद्धाओं को डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला राजनीति के गुर सिखाएंगे। जेजेपी के लिए जींद कितन अहम है इसकी अहमियत जींद से बूथ योद्धा प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत से पता चलता है। जेजेपी के युवा प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र सांगवान खुद जिले के विस क्षेत्रों में जो बूथ योद्धा बनाए गए है उनकी मीटिंग प्रशिक्षण शिविर को लेकर ले रहे है। जानकारी के अनुसार जिले में 1 हजार से अधिक बूथ है। ऐसे में एक हजार से अधिक युवा इस प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा लेंगे। मतदाता को बूथ तक लेकर जाने, संगठन की नीति बूथ के घर-घर तक पहुंचाने सहित अन्य जानकारी युवाओं को प्रशिक्षण शिविर में दी जाएगी। जानकारी देते हुए जेजेपी के युवा प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र सांगवान ने कहा कि 12 जनवरी को जींद के सफीदों रोड पर ये कार्यक्रम आयोजित होगा। जींद जिले के जितने भी बूथ है उन पर पार्टी द्वारा बूथ योद्धा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। 2024 का साल चुनावी साल है। ऐसे में जो बूथ योद्धा है उनके लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। पूरे प्रदेश में ये प्रशिक्षण शिविर आयोजित होंगे। जींद जिले से इसकी शुरूआत है।



### योजना में 18 हस्त व्यवसायों को किया शामिल

**जींद।** सरकार द्वारा श्रमिकों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए पीएम-विश्वकर्मा योजना शुरू की गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य दस्तकारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है। इस योजना से गांवों और शहरों के उन कुशल कारीगरों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, जो अपने हाथों से काम करके अपना जीवनयापन करते हैं। इस योजना में 18 हस्त व्यवसायों को शामिल किया गया है। केवल सरकारी सेवा में कार्यरत व्यक्ति और उनके परिवार इस योजना के पात्र नहीं होंगे। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत, कारीगरों और शिल्पकारों को पीएम विश्वकर्मा प्रमाण-पत्र और पहचान-पत्र के माध्यम से मान्यता प्रदान की जाएगी।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

- स्वयं रोजगार अपना कर प्रगति पथ पर आगे बढ़ें : जगदीश रेढू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा चलाए जा रहे दो दिवसीय एक गांव एक बैंक मित्र रिफ्रेशर ट्रेनिंग व शामलो गांव में चलाए जा रहे छह दिवसीय सामान्य उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार चलाए जा रहे हैं। इन दोनों प्रक्षिक्षण कार्यक्रमो में 49 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के उपरांत एक गांव एक बैंक मित्र के प्रशिक्षणार्थी किसी भी बैंक से बैंक मित्र के लिए आवेदन करके बैंक मित्र का कार्य शुरु कर सकते हैं तथा लोगों को पैसा जमा करने व निकलवाने की सुविधा गांव में ही उपलब्ध करवाने का कार्य करेंगी। दूसरे जिन्होंने सामान्य उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण प्राप्त किया है वे किसी भी क्षेत्र में अपना कार्य शुरु करके अपने परिवार की जीवनशैली में सुधार करेंगे व आत्मनिर्भर बनेंगे। इन दोनों प्रशिक्षण कार्यक्रमों में मुख्यातिथि के तौर पर संस्थान निदेशक जगदीश रेढू व एक गांव एक बैंक मित्र रिफ्रेशर ट्रेनिंग में एचएसआरएलएम जींद से वित्तीय समावेशक प्रवीन कुमार ने शिरकत की।



जींद। प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए मुख्यातिथि।



गणतंत्र दिवस कार्यक्रम को लेकर मीटिंग लेते एसडीएम गुलजार मलिक।

### कपास मंडी में होगा गणतंत्र दिवस का आयोजन

**उचाना।** संयुक्त कार्यालय परिसर उचाना के कांफ्रेस हॉल में एसडीएम गुलजार मलिक द्वारा सभी विभागों के अधिकारियों की गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी हेतु आवश्यक बैठक ली। अलग-अलग विभागों के अधिकारियों को गणतंत्र दिवस को लेकर जिम्मेदारी सौंपी गई। समारोह को सफल बनाने के लिए सभी ने अपने विचार भी सांझा किए। मलिक ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है इसको जोर शोर से आयोजित करने की जिम्मेवारी प्रत्येक विभाग की है। समारोह को बेहतर बनाने के लिए किसी तरह की कोई कोर कसर नहीं रहने दी जाएगी। महिला एवं बाल विकास विभाग को आयोजन स्थल पर रंगोली बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वन विभाग जीमेल से डेकोरेट करके तिरंगे हाइड्रोजन गुब्बारे मुख्य अतिथि से छुड़वाएंगे। थाना प्रभारी बलवान सिंह सभी परेड प्लाटून को ट्रेनिंग, राष्ट्रीय ध्वज, खुली जीप की व्यवस्था प्रदान करेंगे।

### पिंडारा तीर्थ में श्रद्धालु लगाएंगे श्रद्धा की डुबकी

# पितरों को खुश करने के लिए फलदायी पौष अमावस्या आज

- पितरों को खुश करने के लिए पौष अमावस्या पर पितृ तर्पण अवश्य करें : नवीन शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

वर्ष 2024 की पहली अमावस्या (पौष अमावस्या) वीरवार को पड़ रही है। धार्मिक मान्याताओं में पौष अमावस्या को विशेष महत्व दिया गया है। पौष अमावस्या जहां पितरों को खुश करने के लिए विशेष महत्व रखती है वहीं काल सर्प दोष भी इसी दिन दूर किया जा सकता है। पोष अमावस्या के दिन स्नान दान मुहुर्त सुबह पांच बजकर 57 मिनट से सुबह छह बजकर 21 मिनट तक रहेगा। इस दिन कुशा घास की अंगूठी पहन कर श्राद्ध कर्म करना बहुत महत्वपूर्ण माना गया है वहीं दान व स्नान करने से पितृ दोष के दुष्प्रभाव को कम किया जा सकता है। वहीं इस दिन गाय, कुत्ते और कौवे को भोजन अवश्य करवाना चाहिए। पांडू पिंडारा स्थित तीर्थ पर वीरवार को पौष अमावस्या पर श्रद्धालु ठंड के बीच सरोवर में स्नान, पिंडदान करके करके तर्पण करेंगे। पिंडतारक तीर्थ के संबंध में किदवंती है कि महाभारत युद्ध के बाद पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पांडवों ने यहां 12 वर्ष तक सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में तपस्या की। बाद में सोमवती अमावस के आने पर युद्ध में मारे गए परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया।



जींद। पिंडारा तीर्थ, जहां श्रद्धालु आज श्रद्धा की डुबकी लगाएंगे। फोटो : हरिभूमि



### पितरों को खुश करने के लिए विशेष फलदायी पौष अमावस्या : नवीन

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि अमावस्या के दिन पवित्र नदियों में स्नान करने की परंपरा है। अमावस्या के दिन पितरों को जल अवश्य अर्पित करना चाहिए। ऐसा करने से पितरों का आशीर्वाद हमारे जीवन पर बना रहता हैद्ध इस दिन पिंडदान करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। पौष अमावस्या के दिन वीरवार को पीपल की पूजा करें। इस दिन पीपल के पेड़ पर सुबह जल चढ़ाना चाहिए और शाम को तिल के तेल का दीपक जलाना चाहिए। ऐसा कहा जाता है कि इस दिन ये सब करने से पीपल की पूजा करने से पितृ देवता प्रसन्न होते हैं।

**खबर संक्षेप**

## पबनावा में सात दिवसीय शिविर का आयोजन

**ढांड।** बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय, कौल की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गांव पबनावा में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सोनिया रानी की देखरेख में आयोजित किया गया।

## साध संगत ने जरूरतमंदों को वितरित किए वस्त्र

**राजौद।** शाह सतनाम के पावन अवतार माह की खुशी में जरूर मंद परिवारों को गर्म कपड़े बांटे गए। जानकारी देते हुए डेरा सच्चा सौदा की साध संगत ने कैथल मार्ग स्थित किछाना कुई के नजदीक बजरंग भट्ठा पर बाहर से आए मजदूर यूपी और बिहार के जो मट्ठे पर कार्य करते हैं। इस कड़ाके की ठंड में संत गुरमीत राम रहीम सिंह इंसा की पावन प्रेरणा पर चलते हुए डेरा सच्चा सौदा की साध संगत निरंतर लगातार मानवता भलाई के 161 कार्य कर रही है।

## सरकार की योजना के प्रति किया जागरूक

**सीवन।** विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव पाबसर, ककराला कुचियां एवं ककराला अनायत और मंडी सदरां में पहुंची। इस यात्रा में एससी आयोग के सदस्य रवि तारांवाली ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों के अवलोकन उपरांत जरूरतमंद को मौके पर ही योजनाओं का लाभ दिया गया।

## चारों विस सीटों पर जीतेंगे कांग्रेस के प्रत्याशी: पाला

**गुहला-चीका।** वाल्मीकि शक्ति सभा जिला कैथल के प्रधान पाला राम सौदा ने दावा किया है कि हरियाणा विधानसभा 2024 के चुनावों में जिला कैथल की चारों सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशी बड़ी जीत के अन्तर से विजयश्री प्राप्त करेंगे। सौदा आज यहां अग्रवाल धर्मशाला चीका में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कहा कि कांग्रेस अपने सम वैचारिक अन्य दलों से सीट शेयरिंग को लेकर बातचीत कर रही है और जैसे ही मामला फाइनल हो जाएगा तो सभी मिलकर चुनावी दंगल को फतह करने के लिए पूरी ताकत झोंक देंगे।

## गठबंधन सरकार से हर वर्ग परेशानः बाल्मीकि

**गुहला-चीका।** गुहला के गांव हरिगढ़ किंगण में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व बाल्मीकि महासभा गुहला के प्रधान कन्नू राम वाल्मीकि ने कांग्रेस पार्टी के हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत लोगों से डोर टू डोर मुलाकात की और कांग्रेस पार्टी का प्रचार प्रसार किया। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कन्नू राम बाल्मीकि ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की तरफ से शुरू किए गए हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत वे गांवों में जा रहे हैं।

## सभी गावों की सफाई करना लक्ष्य : सतपाल

**पूंडरी।** गांव जांबा के सरपंच प्रतिनिधि एवं समाजसेवी सतपाल जांबा ने पूरे हलके में अपनी तरफ से चलाए जा रहे सफाई अभियान के तहत टयोंठा, मोहना, मटरवा खेड़ी,के बाद आज विधिवत रूप से फतेहपुर पुण्डरी में अभियान का शुभारंभ किया। आज सतपाल जांबा ने पुण्डरी नपा चेयरमैन प्रतिनिधि पवन के साथ मिलकर खेड़े पर जोत लगा अभियान का शुभ आरम्भ किया।

### प्योदा और सारन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में की शिरकत

# हर वर्ग तक पहुंचाया जा रहा योजनाओं का लाभः कमलेश

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब, महिला, किसान व युवाओं के हितों की मजबूती के लिए कर रहे निरंतर कार्य: राज्यमंत्री**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब, महिला, किसान व युवाओं के हितों की मजबूती के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। इनके कुशल नेतृत्व में देश व प्रदेश ने तरक्की के नए आयामों को छुआ है। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम में मोदी सरकार की गारंटी की गाड़ी द्वारा वंचित पात्र लोगों को मौके पर योजनाओं का लाभ दिलवाया जा रहा है।

केन्द्र व प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित कर रही हैं कि कोई भी गरीब भूखा न रहे और सभी गरीबों को पक्का मकान मिले। महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा गांव प्यौदा व सारन में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रही थी। इससे पहले उन्होंने स्कूल परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलाई। राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार लोगों के घर द्वार पर पहुंच कर उन्हें योजनाओं का लाभ दे रही है ताकि गरीब व्यक्तियों का जीवन स्तर सुधर सके। भारत को 2047 तक विकसित राष्टद्र बनाने के उद्देश्य से देशभर में विकसित भारत संकल्प यात्राएं निकाली जा रही है। सभी नागरिक देश को विकसित बनाने का संकल्प लेकर अपना पूरा योगदान दे। इस मौके पर रामपाल, शमशेर सिंह, सतपाल, चंद्रो, रघुवीर, महेंद्र सिंह, सुभाष, रूद्रपुरी की बुढ़ापा पेंशन मौके पर बनाई गई। इसी प्रकार मुकेश व बोहती देवी, कविता, पिंकी, रजनी को उज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए गए। इस अवसर पर डीडीपीओ कंवर दमन, एससीपीओ अनुराग दत्त, रेखा देवी, बलराम, श्रवण देवबन, कमलेश, परविंदर, विक्रम, कविता, सोहन, गंगा विशन, जसविंदर, राममेहर, अशोक शर्मा, रोहतास, सुशील,गांव सारन से सरपंच सुदेश, पूर्व डीएसओ जसवंत सिंह, शीशपाल, रामकुमार, महेंद्र सिंह, राजकुमार, धर्मवीर, कर्मवीर, रघबीर आदि मौजूद रहे।



**कैथल।** महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## नपा चेयरपर्सन ने बांटे गैस कनेक्शन

**कैथल।** नपा चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में आमजन तक सरकार की नीतियों का लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति कल्याणकारी योजना के लाभ से वंचित ना रहे। नगरपालिका चेयरपर्सन सुरभि गर्ग बुधवार को भाई उदय सिंह किला परिसर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्यातिथि नागरिकों को संबोधित कर रही थी। नगरपालिका चेयरपर्सन सुरभि गर्ग का पहुंचने पर फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। चेयरपर्सन ने सबसे पहले विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया और मौके पर कल्याणकारी योजानाओं से वंचित व्यश्चितयों को योजनाओं का लाभ दिया तथा सभी उपस्थित नागरिकों को वर्ष 2047 तक भारत देश को विकसित राष्टद्र की सूची में शामिल करने की शपथ भी दिलाई उन्होंने उपस्थित नागरिकों से आह्वान किया।



## शशीभूषण छठी बार बने इनेलो कानूनी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

इनैलो के वरिष्ठ नेता शशीभूषण वालिया को पार्टी के प्रति गहरी निष्ठा के चलते उन्हें एक बार फिर कानूनी प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है, जिससे उनके साथियों सहित पार्टी कार्यकत्ताओं में भारी उत्साह है। बता दें कि शशीभूषण वालिया लगातार छठी बार कानूनी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नियुक्त हुए हैं।

अपनी नियुक्ति पर वालिया ने पार्टी सुप्रिमो ओमप्रकाश चौटाला व अभय सिंह चौटाला सहित शीर्ष पार्टी नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इनैलो पार्टी छतीस बिरादरी के लोगों की पार्टी है, जिसमें हर वर्ग के हित सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि दिन प्रतिदिन इनैलो का ग्राफ बढ़ता जा रहा है और आए दिन सैंकड़ों लोग पार्टी में शामिल हो रहे है। उन्होंने कहा कि जल्द ही पूंडरी हल्के में एक मजबूत संगठन बनाया जाएगा जो पूंडरी विधानसभा का सबसे मजबूत संगठन होगा। उन्होंने कहा कि हल्के में इनैलो का कार्यकत्ता सबसे मजबूत कार्यकत्ता है और इनैलो पार्टी के द्वारा बूथ स्तर पर पार्टी के जोड़ने के लिए अभियान चलाया गया है जो हर बूथ पर पांच कार्यकत्ताओं को पार्टी से जोड़ने का काम किया जा रहा है।


शशीभूषण वालिया



## विद्यार्थियों का हो रहा सर्वांगीण विकास

**कैथल।** संस्कृतभारती हरियाणा द्वारा आयोजित संस्कृत भाषा प्रबोधन वर्ग के पंचम दिन प्रात वन्दना सत्र में कैथल के प्रसिद्ध सुद्धिजन महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय कैथल से ज्योतिष विभाग के आचार्य डॉ. नरेश शर्मा,कैथल जिला कार्यवाह मुकेश, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टीक के प्राचार्य अनिल छाबड़ा,टीक विद्यालय से ही सुरेश शास्त्री का सानिध्य प्राप्त हुआ। दिनभर संस्कृत सम्भाषण एवं व्याकरण सम्बन्धी कक्षाएं समय सारिणी के अनुसार चलती रहीं। रात्रि को नौ बजे से दस बजे तक अनौपचारिक सत्र में शिविरार्थियों के उत्साह संवर्धन हेतु स्वतन्त्र मंच प्रदान किया जाता है। इस सत्र में विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं। संस्कृत भारती द्वारा 12 जनवरी को ग्यारह रुद्री मन्दिर में आयोजित किए जा रहे जनपद सम्मेलन में 200 संस्कृत प्रेमियों का संगम होगा। संस्कृत भारती हरियाणा के प्रान्त प्रशिक्षण प्रमुख डॉ नवीन शर्मा ने बताया कि सम्मेलन के दौरान संस्कृत में निहित विज्ञान पर भव्य संस्कृत प्रदर्शनी लगेगी जिसे सामाजिक संस्कृत प्रेमी भी देख पाएंगे।



## डॉ विजय ने राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी में दी प्रस्तुति

**कैथल।** हिंदी प्राध्यापक डॉ विजय कुमार चावला ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान अजमेर में न्यायसंगत तथा समावेशी शिक्षा पर राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी आयोजित की गई है। इस संगोष्ठी पूरे भारत से 110 से अधिक रिसर्च स्कॉलर्स तथा नवाचारी शिक्षकों ने अपनी-अपनी प्रस्तुति दी। चावला ने बताया कि हरियाणा शिक्षा विभाग से एकमात्र नवाचारी शिक्षक के रूप में उन्होंने अपने रिसर्च पेपर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार निपुण भारत मिशन के तहत खेल आधारित शिक्षण शास्त्र का प्रयोग करते हुए कक्षा-कक्ष में विद्यार्थियों का न्यायसंगत समावेशन किस प्रकार किया जा सकता है एवं उन्हें बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान कौशलों में कैसे खेल गतिविधि आधारित शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में शामिल करते हुए निपुण बनाया जा सकता है पर विस्तार से प्रकाश डाला उनका मानना है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 इस बात पर बल देती है कि,/"सामाजिक न्याय और समानता प्राप्त करने के लिए शिक्षा सबसे बड़ा साधन है।/"जिसका बड़े पैमाने पर समावेशी समुदाय और समाज के विकास पर प्रभाव पड़ता है।

# रामकुमार ने फ्री बस यात्रा को हरी झंडी दिखाई

- 60 शिव भक्तों ने बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

महाकाल सेवा समिति के प्रधान वेद प्रकाश गर्ग ने बताया कि महाकाल सेवा समिति कैथल द्वारा पहली निःशुल्क बस यात्रा खट्वांगेश्वर महादेव मन्दिर मटौर कलायत का शुभारंभ प्रमुख समाजसेवी रामकुमार बंसल ने झंडी दिखाकर किया। बस हिन्दू गर्ल्स स्कूल के मैनेजर अर्पित चौधरी द्वारा दी गई। बड़े ही आनंदमय माहौल में 60 शिव भक्तों ने बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। शुभारंभ से पहले रामकुमार बंसल को समिति द्वारा पटका व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्राचीन शिव मंदिर केनरा बैंक के सामने छात्रावास रोड़ के प्रांगण से यात्रा सयोंजक शुभम गुप्ता व सह संयोजक आशीष मित्तल की मौजूदगी में बस को रवाना किया गया। आयोजक हिमांशु गोयल ने बताया कि महाकाल सेवा समिति का मुख्य उद्देश्य जो भी हमारे कैथल के नजदीकी क्षेत्र में जितने भी पौराणिक तीर्थ है लोगो को उनके इतिहास से अवगत करवाना व उनके दर्शन करवाना रहेगा। उसी क्रम में 9 जनवरी 2024 को पहली निशुल्क बस यात्रा खट्वांगेश्वर महादेव मंदिर मटौर कलायत के लिए रवाना की गई। सचिव हिमांशु गोयल ने बताया कि समिति सामाजित कार्यो जैसे नशा मुक्ति, जल संरक्षण, पौधा रोपण, पर्यावरण संरक्षण, निशुल्क लीगल ऐड एंव फर्स्ट ऐड कैम्प आदि को भी प्रशासन के साथ मिलकर करेगी। एडवोकेट हिमांशु गोयल ने बताया कि समिति का सदस्य बनने के लिए आजीवन शुल्क 1100 रुपये रखा है। उन्होंने सर्व समाज से अपील भी की है कि अधिक से अधिक लोग समिति से जुड़े व समाजिक कार्यो में आगे आए। सभी सदस्यों ने बाबा भोलेनाथ के भजनों का खूब आनंद लिया व आरती की।कार्यक्रम में वेद प्रकाश गर्ग प्रधान, हिमांशु गोयल एडवोकेट सचिव, मोहन सिंह कोषाध्यक्ष, राहुल मौजूद रहे।


**कैथल।** प्रमुख समाजसेवी रामकुमार बंसल बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## रिवाड जागीर व बिछिया में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**गुहला-चीका।** विधायक ईश्वर सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ग के कल्याणार्थ अनेकों कल्याणकारी योजनाएं लागू की गई है, जिसका लाभ प्रत्येक वर्ग को मिल रहा है। हर जरूरतमंद व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। ऐसी व्यवस्था प्रदेश में लागू की गई हैं। विधायक ईश्वर सिंह गांव रिवाड जागीर व बिछिया आयोजित में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने स्टॉलों का निरीक्षण किया और पात्र लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मौके पर ही दिया गया। विधायक ईश्वर सिंह ने कहा कि गांव रिवाड जागीर मे 8 लाख 88 हजार रुपए की धनराशि से गुरुद्वारा से शमशान घाट तक गली का निर्माण कार्य पूरा करवाया जाएगा। इस अवसर पर सरपंच समीना देवी, कृष्ण कुमार, कमलदीप सिंह, चंद्रभान सिंह, मुख्तार सिंह, बलकार सिंह, मांगेराम, अजमेर सिंह आदि मौजूद रहे।

## नौ जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरित किया

**कैथल।** डेरा सच्चा सौदा की दूसरी पातशाही परमपिता शाह सतनाम सिंह महाराज का एमएसजी भंडारा माह आते ही डेरा प्रेमियों के चेहरे खिल उठते है। ब्लाक कैथल की साध संगत भी अवतार माह की शुरूआत से ही रोजाना कोई न कोई मानवता भलाई कर रही है। इसी श्रृंखला के तहत ब्लॉक कैथल के जोन 9 की साध संगत ने पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह इंसा जी की पावन प्रेरणा से फूड बैंक और क्लॉथ बैंक मुहीम के तहत क्योडक गाँव में भारत भट्ठे पर 9 गरीब जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरित किया । इसके साथ ही 40 गर्म कम्बल , छोटे बच्चो को कैप , जुराबे ट बच्चो को खाने का सामान दिया । बता दे कि इससे कुछ दिन पहले भी जोन 9 की साध संगत ने गर्म वस्त्र बांटे थे। इस मोके पर जोन 9 प्रेमी सेवक रमेश इन्सा , संजीव इन्सा, सोनू इन्सा ,रोशन लाल मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को अनुशासन का महत्व बताया

- जीवन कौशल विकास शिविर में फर्स्ट एड व व्यक्तिगत स्वच्छता की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

राजकीय कन्या उच्च विद्यालय ढांड में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा राजकीय स्कूलों में लगाए जा रहे कैंप के तहत कक्षा छह से आठ की किशोरावस्था लड़कियों के लिए लगाए जा रहे कैंप में आज फर्स्टएड व व्यक्तिगत स्वच्छता की जानकारी प्रदान की गई। कैंप इंचार्ज रोशन लाल पंवार ने बताया कि शिविर के तीसरे दिन लड़कियों को एएनएम सुषमा देवी ने व्यक्तिगत स्वच्छता की विशेष जानकारी प्रदान की। उन्होंनें व्यक्तिगत स्वच्छता का महत्व बताया। फर्स्टएड की जानकारी देते विशेषज्ञ ज्ञान चंद भल्ला ने प्रथम चिकित्सा सहायता का महत्व बताया तथा कहा कि हम सब को इसकी जानकारी अवश्य होनी चाहिए। उन्होंने दुर्घटना में घायल, सांप काटने से तथा पानी में डूब रहे व्यक्ति को प्रथम चिकित्सा सहायता द्वारा बचाने के लिए उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम इंचार्ज रोशन लाल पंवार ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते बताया कि इस में विद्यार्थियों को विभिन्न सार्वजनिक कार्यालयों के संचालन और कार्यप्रणाली के संबंध में छात्रों के बीच जीवन कौशल विकसित करना और ज्ञान और जागरूकता बढ़ाना, छात्रों को अपना ज्ञान और रचनात्मकता दिखाने का अवसर प्रदान करना, विद्यार्थियों में आत्मविश्वास एवं सहयोग की भावना विकसित करना तथा छात्रों को उनके शारीरिक परिवर्तनों और पोषण के बारे में जागरूक करना और उनकी कच्ची उम्र में भावनाओं के अतिप्रवाह को कैसे प्रबंधित करना है इनके बारे में जानकारी दी जा रही है। मुख्याध्यापिका रेनू बाला ने संबोधित करते अनुशासन तथा शिक्षा के महत्व की जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्याध्यापिका रेनू बाला, राजीव कुमार, रोशन लाल पंवार, विकास धीमान, राजेंद्र कुमार, जगदीश आदि मौजूद रहे।


**ढांड।** राजकीय स्कूल में जीवन कौशल विकास शिविर का अवलोकन करते अध्यापक।

## सामान उठाने वाली महिलाओं का गिरोह सक्रिय

**गुहला-चीका।** लोहड़ी व संक्रांत मांगने के बहाने दुकानों से कीमती सामान चुराने वाली कुछ महिलाओं के एक गिरोह के सक्रिय होने की सूचना मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज उपमंडल के गांव कांगथली में रामफल प्रजापत नामक एक व्यक्ति की बिजली की दुकान पर कुछ महिलाओं का एक झुंड आया और लोहड़ी व संक्रांत मांगते- मांगते कुछ महिलाओं ने दुकानदार को बातों में लगाकर उलझा लिया और एक-दो महिलाओं ने दुकान में रखे बिजली की तारों के छोटे बंडल उठा लिए और सर्दी के चलते उन द्वारा ओढ़ी गई शाल में छुपाकर चंपत हो गई। दुकानदार ने बताया कि उसे बिजली के बंडल चोरी होने बारे काफी देर बाद पता चला परंतु तब तक काफी देर हो चुकी थी और वे उसे हजारों रुपयों की चपत लगाकर चंपत हो चुकी थी।

**बोली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गांव कौल जिला कैथल द्वारा एक तालाब (जीत वाला) की मछली पालन हेतु बोली दिनांक 17-01-2024 को प्रातः 10:00 बजे ग्राम सचिवालय कौल में करवाई जाएगी। सिक्योरिटी के तौर पर 20 हजार रुपए लिए जाएंगे। बोली की अन्य शर्तें व नियम मौके पर बताए जाएंगे।

हस्ता/- हस्ता/-
संजय वालिया, श्रीमती कुसुम लता,
ग्राम सचिव, सरपंच,
ग्राम पंचायत, कौल

### जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

# भाषण प्रतियोगिता में रितू ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नेहरू युवा केंद्र कैथल द्वारा मेरा भारत-विकसित भारत विषय पर जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का बाल भवन के हॉल में आयोजन किया गया। इसमें 28 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसके अंतर्गत प्रथम स्थान रितु ने प्राप्त किया तो वहीं दूसरे व तीसरे स्थान पर गरिमा व स्मृति रही। सभी विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में सेवानिवृत बीडीपीओ प्रेम सिंह ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला युवा अधिकारी दीक्षा मिश्रा द्वारा की गई। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया जिला स्तर पर प्रथम विजेता को राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इसमे प्रथम विजेता को 1 लाख रुपये, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता को 50000 रुपये व 25000 रुपये की पुरुस्कार राशी व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ प्रद्युमन भल्ला प्रिंसिपल राजकीय वरिष्ट माध्यमिक विद्यालय कांगथली, डॉ राजीव सहायक प्रोफेसर आरकेएसडी कॉलेज व धीरज लेक्चरर राजकीय मा विद्यालय हाबड़ी ने निभाई। मंच का संचालन सुमन कश्यप द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजकीय आईटीआई से एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट जोगेंद्र सिंह, लेखा एवं कार्यक्रम सहायक संदीप, एमटीएस प्रदीप , वालंटियर रीना, काजल, लक्ष्मी, दिनेश, गौरव, सुशिल, मंगल मौजूद रहे।



**कैथल।** प्रतिभागियों को सम्मानित करते अधिकारी।



## आरकेएसडी कॉलेज ने इंडिया रैंकिंग के लिए अपनी रिमोट रिपोर्ट ऑनलाइन जमा करवाई

**कैथल।** आरकेएसडी स्नातकोत्तर महाविद्यालय की नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क कमेटी ने इंडिया रैंकिंग 2024 के लिए अपनी रिमोट रिपोर्ट ऑनलाइन जमा करवा दी है। एनआईआरएफ रैंकिंग भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा विभिन्न मापदंडों में उनके प्रदर्शन के अनुसार भारत के सभी शिक्षा संस्थानों को रैंकिंग प्रदान करने के लिए आयोजित की जाती है। इसके आधार पर कॉलेज को ऑल इंडिया रैंकिंग प्राप्त होगी। कॉलेज की प्रतिष्ठा, ढांचागत विकास, विद्यार्थियों को सुविधाए एवं उनके उच्चतर शिक्षा के लिए बाहर जाना एवं रोजगार प्राप्ति आदि के आधार पर कॉलेज का आकलन होता है 2022-23 के सत्र के आधार पर बनी रिपोर्ट के अनुसार कुल संख्या 5209 थी इनमें 3136 छात्र एवं 2073 छात्राएं थी। कुल अध्यापकों की संख्या 152 रही। प्राचार्य डॉक्टर संजय गोयल ने इस समिति की संयोजिका डा. श्वेता गर्ग, डा. रितु कंग, डा. विनोद कुमार , डा. मीनू अग्रवाल प्रो. शुभम, प्रोफेसर सपना एवं तकनीकी सहयोगी जयदेव एवं कमल गुप्ता को बधाई दी।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तीर्थ धाम पाण्डू-पिण्डारा में दिनांक 22-1-2024 को सुबह 11:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम सचिवालय में तीर्थ पाण्डु-पिण्डारा पर अमावस्या के समय लगने वाली तह बाजारी का ठेका देने के लिए खुली बोली का आयोजन किया जायेगा।

जिसकी बतौर जमानत राशि मु.-10000/-रुपये सिक्योरिटी के तौर पर ग्राम पंचायत के पास जमा करवानी होगी। और बाकी ठेके से संबधित सभी शर्तें मौके पर पढ़कर सुनाई जायेंगी। समय पर पहुंचकर बोली का लाभ उठायें।

**सरपंच श्रीमती निलम देवी**
**ग्राम पंचायत पाण्डु-पिण्डारा खण्ड-जीन्द (जीन्द)**
**मो. 94160-87083**

## खबर संक्षेप



### टूटी पुलिया बनी परेशानी का सबब

**राजौंद।** नगर के वार्ड नंबर 11 में टूटी हुई पुलिया लोगों के लिए मुसीबत का कारण बन रही है।आए दिन कोई ना कोई घटना इस टूटी हुई पुली की वजह से घट रही है लेकिन इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा। इस बारे जानकारी देते हुए पूर्व पार्षद प्रतिनिधि सुशील वाल्मीकि, सोमनाथ शर्मा,सतीश शर्मा, बलदेव, प्रजापत,कर्मवीर, बीरा राम ने बताया कि कई बार इस टूटी हुई पुलिया की शिकायत कर चुके हैं। बार-बार कहने के बावजूद भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही।



### चालकों को ट्रैफिक नियमों के बारे में बताया

**कैथल।** सड़क सुरक्षा मुहिम तहत ट्रैफिक एसएचओ एसआई रमेश कुमार की टीम द्वारा कैथल में ट्रक चालको को ट्रैफिक नियमों की पालना करने बारे जागरूक किया गया। एसएचओ द्वारा बताया कि अपने वाहन को निर्धारित लेन में ही चलाए, क्योंकि कई बार लेन चेंज करने के कारण सड़क हादसे हो जाते है। ट्रैफिक नियमों की पालना करके नियमों के अनुसार वाहन को चलाकर हादसों को रोका जा सकता है। हम सभी को ट्रैफिक नियमों की पालना करनी चाहिए ।

### विवाहिता लापता, मुकदमा दर्ज

**कैथल।** जिले के एक गांव से 30 वर्षीय विवाहिता लापता हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। एक युवक ने पुलिस को शिकायत दी कि सात-आठ जनवरी को रात के समय उसके भाई की 30 वर्षीय पत्नी बिना बताए घर से चली गई। वह अभी तक वापस नहीं लौटी है। जांच अधिकारी महिपाल ने बताया कि पुलिस ने लापता का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, केस दर्ज

**कैथल।** शादी का झांसा देकर एक आरोपी ने 21 वर्षीय युवती से दुष्कर्म किया। तीन अन्य आरोपियों ने भी इसमें आरोपी युवक का साथ दिया। पुलिस ने चारों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जींद शहर की एक कॉलोनी निवासी 21 वर्षीय युवती की शिकायत अनुसार उसकी कैथल के रहने वाले मनजीत नामक युवक के साथ जान-पहचान थी। 13 दिसंबर 2023 को आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर कैथल बुला लिया। रात करीब 10 बजे आरोपी उसे एक होटल में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। किसी को बताने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। बाद में आरोपी ने शादी से मना कर दिया। इसमें आरोपी के जानकार कर्मजीत, अनिल व उषा ने भी आरोपी का साथ दिया।

## लोगों ने खुले में आकर खिली धूप का लिया आनंद

# एक पखवाड़े के बाद सूर्य देवता ने दिए दर्शन, धूप से चेहरे खिले

**अधिकतम तापमान में एक डिग्री का इजाफा हुआ तो न्यूनतम तापमान स्थिर रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दोपहर तक कडाके की ठंड के बाद अचानक से सूर्य देवता आसमान से निकले और धूप खिली। जिसने कडाके की ठंड से लोगों को राहत देने का काम किया। लोग अपने कमरों से बाहर निकल खुले व छतों में आ गए और गुनगुनी धूप का आनंद उठाया।

सूर्य देवता की तपिश से अधिकतम तापमान में एक डिग्री का इजाफा हुआ तो न्यूनतम तापमान स्थित रहा। बुधवार को अधिकतम तापमान 14 डिग्री से बढ़ कर 15 डिग्री पर पहुंच गया जबकि न्यूनतम तापमान छह डिग्री पर स्थिर रहा। मौसम में आद्रता 59 प्रतिशत तथा हवा कि गति 15 किलोमीटर प्रति घंटा रही। मौसम विभाग के अनुसार आगे मौसम शुष्क तथा परिवर्तनशील रहने की संभावना है।

**एक पखवाड़े बाद दिन में खिली धूप, ठंड से कुछ हद तक मिली निजातः** नव वर्ष के आगाज से लगातार कड़कके की ठंड पड़ रही है। यहां तक की शीत लहर भी चली औरा सूर्य देवता ने दर्शन भी नही दिए।

घनी धुंध, कोहरे तथा कडाके की ठंड के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया था। बुधवार को दिन का आंशिक रूप से छाए बादलों के साथ हुआ। दोपहर को सूर्य देवता ने दर्शन दिए तो मौसम साफ हो गया और धूप खिल उठी। जिसने लोगों को ठंड से काफी हद तक राहत दी। धूप आने से लोगों के चेहरे खिल उठे।



जींद। दिन के समय खिली धूप। फोटो : हरिभूमि

### नवजात शिशुओं का रखें विशेष ध्यान

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि ठंड से प्रभावित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। हालांकि अस्पताल में दवाइयों का पूरा प्रबंध है। छोटू बच्चों में इस समय खासी, जुखाम, वायरल, उल्टी-दस्त और निमोनिया से पीड़ित अधिक आ रहे हैं। उन्होंने बच्चों को ठंड से बचाने के लिए कहा कि नवजात शिशुओं को मां अपना दूध पिलाएं। यदि महिला बाहर से आई है, तो कुछ समय रुकने के बाद ही दूध पिलाएं, ताकि उसका तापमान सामान्य हो जाए। बच्चों को गर्म कपड़े पहनाएं। सुबह व देर शाम बच्चों को घर से बाहर न निकालें।

### बादलवाई के साथ धूप भी खिलेगी

बुधवार को दोपहर बाद खिली धूप से कडाके की ठंड से कुछ राहत मिली। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि वे ठंड को देखते हुए फसलों की शाम को सिंचाई करें।

पांडू पिंडारा कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि आंशिक रूप से पश्चिम विक्षोभ के असर के चलते सूर्य देवता दिखाई दिए हैं। बादलवाई के साथ धूप भी खिलेगी। जिसके साथ अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान में इजाफा होगा। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि खेतों में शाम के समय सिंचाई करें। आगे मौसम के शुष्क तथा परिवर्तनशील बने रहने की संभावना है।

# चार खिलाड़ियों को मिला अर्जुन अवार्ड

- कुश्ती खिलाड़ी अंशु मलिक, सरिता मोर और कबड्डी खिलाडी साक्षी पूनिया भी हो चुकी हैं अर्जुन अवार्ड से सम्मानित
- खेल के चार सवार्ेच्चम अवार्ड लेने वाली देश की पहली संस्था सीबीएसएम : डा. मलिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना



जुलाना। राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मू से अर्जुन अवार्ड प्राप्त करते हुए सीबीएसएम खेल स्कूल का खिलाड़ी सुनील मलिक डबरपुर।

चौधरी भरत सिंह स्पोटर्स स्कूल निडानी के कुश्ती खिलाडी सुनील मलिक डबरपुर को गत दिवस राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में देश की महामाहिम राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मू द्वारा अर्जुन अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। 87 किलोग्राम भार वर्ग के खिलाडी सुनील डबरपुर ने अपने खेल करियर में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की अनेक प्रतियोगिताओं में दर्जनों मेडल जीत कर प्रदेश और संस्था का मान बढ़ाने का काम किया है। बुधवार को संस्था संरक्षक प्रदेश के पूर्व डीजीपी डा. महेन्द्र सिंह मलिक ने कहा की चौधरी भरतसिंह मेमोरियल खेल स्कूल देश की पहली संस्था हैं जिसके चार खिलाड़ियों को खेलों का सवार्ेच्चम अर्जुन अवार्ड देश की महामहिम राष्ट्रपति द्वारा मिला है। डा. महेंद्र सिंह मलिक ने कहा की सुनील से पहले संस्था की तीन महिला खिलाड़ियों को अर्जुन अवार्ड मिल चुका हैं। उन्होंने बताया पिछले साल 30 जनवरी को कुश्ती खिलाड़ी अंशु मलिक, सरिता मोर और कबड्डी खिलाडी साक्षी पूनिया को अर्जुन अवार्ड देकर सम्मानित किया गया था।

### टक्कर मारने का आरोपी बस चालक काबू

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के बुढ़ा खेड़ा लाठर गांव के पास बाइक चालक को टक्कर मारने के आरोपी बस चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 29 दिसंबर को बुढ़ा खेड़ा गांव निवासी विजय किलाजफरगढ़ रेलवे स्टेशन से डयूटी करके घर की ओर जा रहा था। बुढ़ा खेड़ा गांव के पास पहुंचा तो एक निजी स्कूल की बस से उसकी टक्कर हो गई। घायल अवस्था में विजय को रोहतक पीजीआई ले जाया गया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत के आधार पर अज्ञात बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए सोनीपत जिले के धनाना गांव निवासी बस चालक संदीप को गिरफ्तार किया है।



नरवाना। एक दिवसीय भुख हडताल पर देते हुए उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन।

### मांगों को लेकर की भूख हडताल

**नरवाना।** उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन जाखल ब्रांच के तत्वावधान में नरवाना रेलवे स्टेशन पर केन्द्र सरकार के खिलाफ भूख हड़ताल का आयोजन किया गया। भूख हड़ताल की अध्यक्षता ब्रांच सचिव बलवीर सिंह ने की। भूख हडताल का मुख्य उद्देश्य एनपीएस को रद्द करना व ओपीएस को लागु करना, 8 वें पे कमीशन की कमेटी का गठन किया जाये और करोना के समय में की तीन किस्त यानी 18 महीने का एरियर भी दिया जाना है। धरने को संम्बोधित करते हुए बलवीर सिहं ने बताया कि यदि सरकार द्वारा हमारी मांगों को नहीं माना गया तो उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन रेल का चक्का जाम करनें से भी पीछे नहीं हटेगा। वहीं शाखा अध्यक्ष संदीप कुमार ने कहा कि वह इस तानाशाही सरकार के खिलाफ डट कर लडेंगे और अपनी मांगे मनवाकर ही दम लेंगे। वेदपाल शाखा उपाध्यक्ष ने कहा की जो ओपीएस लाएगा वोट वही पायेगा नारे के साथ वे यह प्रचार करेंगे। हडताल में रोहताश मेहरा ने सभी कर्मचारियों से प्रण दिलाया की यदि बीजेपी सरकार पुरानी पेंशन लागू नहीं करेंगी तो वह बीजेपी को वोट नहीं देंगे।

# पूंडरी को आदर्श हलका बनाने में नहीं छोड़ेंगे कसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



- पूंडरी हलके की कई मुख्य सडकें बदहाल

हलके के वरिष्ठ नेता एवं हलके से भावी प्रत्याशी हरपाल पहलवान फतेहपुर ने कहा है कि पूंडरी विधानसभा को प्रदेश का आदर्श हलका बनाने को लेकर वे कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उनका प्रयास रहेगा कि पूंडरी हलका आदर्श हलका बने और दूसरे विधानसभा क्षेत्रों के लिए भी एक मिसाल बने। इसके लिए पूंडरी हलके के लोगों का सहयोग जरूरी है। आज गांव फतेहपुर में अपने प्रतिष्ठान पर बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि हलके में अनेकों ऐसी समस्याएं हैं, जो लंबे समय से अटकी हुई है। ये सब अनदेखी का ही नतीजा है। उन्होंने कहा कि पूंडरी हलके की कई मुख्य सडकें बदहाल हैं, जिनसे निकलना भी दुश्वार है। उन्होंने कहा कि अगर हलके के लोगों ने उन्हें मौका दिया तो वे हलके में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए काम करेंगे।

# बेरोजगारी, गरीबी व महंगाई आसमान पर : हरभजन

- लघु सचिवालय के समक्ष स्थानीय मांगों को लेकर सांकेतिक धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। नगराधीश को ज्ञापन सौपते कामरेड प्रेम चंद व अन्य।

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) व भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के संयुक्त बैनर तले कार्यकर्ताओं द्वारा हनुमान वाटिका में एकत्रित होकर लघु सचिवालय के समक्ष स्थानीय मांगों को लेकर सांकेतिक धरना दिया गया। अध्यक्षता कामरेड हरभजन सिंह व मनजीत सिंह ने की और संचालन प्रेम चंद ने किया। सीपीआई (एम) के जिला सचिव कामरेड प्रेम चंद व सी पी आई के जिला सचिव महेन्द्र सिंह बरोट ने कार्यकताअरं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा की मौजूदा सरकारों ने जिन नीतियों का अनुसरण किया है उनसे समाज में असमानता बढी है। इन नीतियों के चलते भारतीय समाज का समग्र विकास संभव नही है। उन्होने ने कहा भाजपा का दिया गया नारा सबका साथ सबका विकास खोखला साबित हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक देश में एक प्रतिशत लोगों के पास 40 प्रतिशत संपति का सग्रह हुआ है जबकि 50 प्रतिशत के पास केवल 3 प्रतिशत संपति है। उन्होने आगे बोलते हुए कहा मौजूदा भाजपा सरकार के राज में कॉपोरेट -साम्प्रदायिक नीतियां उफान पर है और बेरोजगारी,गरीबी,महंगाई आसमान पर है। ऐसे में लोगों को जीवन यापन करना कठिन हो गया है। जनहित के मुद्दों की सरकार अनदेखी करके बेवजह के साम्प्रदायिक मुद्दों पर लोगों को गुमराह कर रही है।रोड सेफ्टी एवं ट्रांसपोर्ट बिल व अन्य बिलों पर सरकार ने विपक्षी सांसदों का निलंबन करके संसद में बैगर बहस किये ही कानूनों को थोपकर तानाशाही का परिचय दिया है। ट्रांसपोर्ट बिल के विरोध में देश के ड्राईवर व ट्रांसपोर्टर विरोध कर रहे हैं। आवारा पशुओं की भरमार से सफाई व्यवस्था चरमरा गई है।

### किसान-मजदूर सम्मेलन की रूपरेखा तय की

**ढांड।** ढांड कार्यालय में आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से 16 जनवरी,2024 को पंजाब के जालंधर शहर में राष्ट्रीय किसान-मजदूर सम्मेलन किया जाएगा। यह फैसला 4 जनवरी को दिल्ली में संयुक्त किसान मोर्चा आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन, संयुक्त किसान मोर्चा का एक घटक होने के नाते इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेगा। यह जानकारी आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिला सचिव कामरेड कृष्ण चंद ने प्रैस को जारी बयान में दी। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार किसानों से लिखित में किये गये वादे से मुकर गई है जिसको लेकर किसानों में काफी रोष है।

### नौकरियों की मांग को लेकर बैठक आज

**जींद।** हरियाणा में ग्रुप सी और डी में लोकसभा चुनावों से पहले नौकरियों की मांग को लेकर वीरवार को जाट धर्मशाला में बैठक का आयोजन किया जाएगा। इसमें सीटी पास अभ्यार्थियों के अलावा भाकियू समेत किसान संगठन, सामाजिक संगठन भी भाग लेंगे। जाट धर्मशाला में आयोजित होने वाली इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सीइटी ग्रुप सी के 32 हजार पदों के अलावा गुरप डी के 15 हजार पदों पर लोकसभा चुनावों से पहले भर्ती की जाए। गुरप सी की भर्ती ग्रुप डी से पहले हो, जिन भर्तियों की परीक्षा हो चुकी है, उनका परिणाम जारी किया जाए। बैठक में भाकियू से रवि आजाद, गीता अहलावत विकास सिंसर, सिक्किम श्योकंद, संदीप भारती, प्रियंका खरकरामजी, बिंद्र नंबरदार आदि मौजूद रहे।

## बिलकिस बानो मामले में कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

**जींद।** जनवादी महिला समिति बिलकिस बानो मामले में सवार्ेच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत करती है। यह जीत बिलकिस बानो के बहादुराना संघर्ष का परिणाम है।

गौरतलब है कि इस मामले में तीन याचिकाकर्ताओं में से एक जनवादी महिला समिति की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व सांसद सुभाषिनी अली सहगल थी। जनवादी महिला समिति शुरुआत से ही बिलकिस बानो के साथ खड़ी रही। इस फैसले में सवार्ेच्च न्यायालय ने 2002 के गुजरात दंगों के दौरान हुए बिलकिस बानो सामूहिक बलात्कार के दोषियों की सजा माफ करने के गुजरात सरकार के फैसले को रद्द कर दिया है। दोषियों को 14 साल की कैद के बाद गुजरात सरकार ने रिहा कर दिया था। जस्टिस बीवी नागरत्ना और उ'जल भुइयां की पीठ ने कहा कि 11 दोषियों को दो सप्ताह के भीतर जेल वापस जाना पड़ेगा और जेल में ही रहना पड़ेगा। माननीय अदालत ने कहा है कि कानून के अनुसार गुजरात सरकार को सजा माफ करने का आदेश पारित करने का अधिकार नहीं था। रिहाई का आदेश पारित करने की उपयुक्त हकदार महाराष्ट्र सरकार थी, जहां मुकद्मा हुआ था और सजा सुनाई गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने दोषी राधेशयाम की कड़ी आलोचना की है, जिसने सुप्रीम कोर्ट से धोखाधड़ी करके मई 2022 में शीर्ष अदालत से एक अनुकूल आदेश प्राप्त कर लिया। अंततः सभी 11 दोषियों को रिहा कर दिया गया।

### हिंदी भाषा के प्रति और अधिक जागरूकता पैदा करना प्राथमिकता

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में बुधवार को विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। आज भारत समेत पूरी दुनिया में विश्व हिंदी दिवस मनाया जा रहा है। विवि में हिंदी के प्रचार-प्रसार व जागरूकता पैदा करने के लिए कई कार्यक्रम किए जाएंगे। कुलपति डा. रणपाल सिंह ने विवि में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हिंदी के प्रचार.प्रसार के लिए वर्ष 2006 से हर साल 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है। दुनियाभर में हिंदी का विकास करने और एक अंतर्राष्ट्रीय भाषा के तौर पर इसे प्रचारित-प्रसारित करने के मकसद से विश्व हिंदी सम्मेलनों की भी शुरुआत हुई।

# दुष्यंत ने भजन मंडली के लिए भेजा सामान

- डूमरखा खुर्द से भजन मंडली को सामान देने की शुरूआत की है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



उचाना। डूमरखा खुर्द की भजन मंडली डिप्टी सीएम द्वारा भेजे गए भजन-कीर्तन के सामान के साथ। फोटो : हरिभूमि

डिप्टी सीएम द्वारा गांव में संयुक्त रूप से बैठकर भजन-कीर्तन करने वाली महिलाओं से उनके भजन-कीर्तन के लिए सामान भेजने का वायदा किया था जिसे पूरा करते हुए पहले चरण में महिलाओं की भजन मंडली के लिए सामान भेजा। जेजेपी महिला हलकाध्यक्ष मुकेश डूमरखा ने बताया कि डूमरखा खुर्द से भजन मंडली को सामान देने की शुरूआत की है। कई गांवों के लिए डिप्टी सीएम द्वारा सामान भेजा गया है। सामान में बैंजू, ढोलक सहित अन्य सामान भेजा गया। मुकेश डूमरखा ने कहा कि हलके के सभी गांवों में महिलाओं की भजन मंडली के लिए ये सामान दिया जाएगा ताकि भजन-कीर्तन महिलाए कर सकें। डूमरखा खुर्द में महिलाओं की तीन भजन मंडली को सामान दिया गया है। डिप्टी सीएम से जब ये मांग की तो तुरंत प्रभाव से इस मांग को मानते हुए भजन-कीर्तन के लिए सामान भेजा है। एक मंडली के सामान पर 25 हजार के आस-पास की राशि खर्च होती है। इस मौके पर सुदेश, सुनीता, संतोष, सुमन, कमलेश, रीना, मीना, बीरमति, कलावंति, भतेरी, सुमन, सुनीता, कृष्णा, छबीलो मौजूद रही।



नरवाना। गांव-गांव जाकर प्राण प्रतिष्ठा के लिए निमत्रणं देते हुए सुमित।

### जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर अक्षत कलश की स्थापना की

**नरवाना।** राम जन्म भूमि अयोध्या में बन रहे मन्दिर में रामलला की प्रतिमा में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह बात प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम धमतान खंड सह संयोजक सुमित हमीरगढ़ ने दातासिंह वाला, ढिंढौली, पदार्थखेड़ा में कलश स्थापना के दौरान कही। सुमित ने कहा कि रामभगत गांव-गांव जाकर कलश स्थापित करके लोगों को घर-घर जाकर 22 जनवरी के पवित्र उत्सव को मनाने का निमंत्रण दे रहे हैं। सुमित ने कहा कि लगभग 500 वर्षोंं की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में रामलला के विराजमान होने की घड़ी पास आ रही है। 22 जनवरी को भगवान राम बालस्वरूप में अपने नवनिर्मित मंदिर में विराजित होंगे। इस मौके पर गांव के अनेक लोग उपस्थित रहे।

### 170 बेसहाराओं के बीच संकीर्तन 14 को

**जींद।** श्री खाटू श्याम परिवार द्वारा इस बार की मकर संक्रांति वृद्धाश्रम में रह रहे 170 बेसहाराओं के बीच जाकर मनाई जाएगी। इस अवसर पर बेसहाराओं के बीच श्री श्याम संकीर्तन के माध्यम श्याम बाबा का नाम लिया जाएगा। इस समारोह में अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष राजकुमार गोयल मुख्यअतिथि होंगे। समारोह में प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी रहेगा। संस्था के प्रधान कपिल देव ने बताया कि शहर में पिछले लंबे समय से श्याम बाबा के संकीर्तनों की धूम लगी है। इस बार यह फैसला लिया गया है कि यह संकीर्तन बेसहाराओं के बीच मनाया जाए। हांसी रोड पर ईक्कस गांव में वृद्धाश्रम चल रहा है जिसमें करीबन 110 बेसहारा पुरुष रह रहे हैं।

## हथो बस स्टैंड में बस क्यू शेल्टर निर्माण की भी मिली मंजूरी

# चंडीगढ़, हिसार, सिरसा बसों का हथो में होगा ठहराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

चंडीगढ, हिसार व सिरसा रूट की बसों का हथो बस स्टैंड के आस-पास के लगभग दस गावों की काफी लम्बे समय से मांग थी की हथो के बस स्टेंड पर बसों का ठहराव होना चाहिए। जिसको लेकर हल्के के विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा के द्वारा गांव को बस सुविधा देने का प्रयास लगातार जारी था। विधायक ने बताया कि बीते दिनों उन्होने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को चंडीगढ़, हिसार-सिरसा रूट की बसों का हथो बस स्टैंड में ठहराव हेतु पत्र लिखा था। जिसमें लगभग दस गांव हथो, बिधराना, ढ़ाकल, सिंसर, सिंगवाल, गुरथली, लोधर, खेड़ी शेर खां, सूदकैन कलां व सूदकन खुर्द शामिल है।



नरवाना। हथों गांव का बस स्टैंड। फोटो : हरिभूमि

विधायक ने बताया कि सभी गावों की यह मांग भी पूरी हो गई और इसके साथ ही हथो बस स्टैंड में बस क्यू शेल्टर निर्माण को भी मंजूरी मिल गई है जिसका निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ हो जाएगा। इसके साथ ही नरवाना से बेलरखां, बेलरखां से अंबरसर, अंबरसर से वापिस बेलरखां, बेलरखां से सुरजाखेड़ा, सुरजाखेड़ा से मोहालखेड़ा व इसी रूप से वापिस नरवाना रोजाना चार बार बसों का आवागमन होगा। जिसका समय नरवाना से सुबह 08 बजे, दोपहर 12 बजे, दोपहर 03 बजकर 20 मिनट व शाम 05 होगा। जिसके आदेश महानिदेशक हरियाणा राज्य परिवहन द्वारा कर दिए गए हैं। वहीं विधायक रामनिवास ने कहा कि उनके पास जिन भी गांव में बस सुविधा की मांग आ रही है उसके लिए लगातार प्रयास जारी हैं और उनका नरवाना के हर गांव तक बस सुविधा पहुंचाने का लक्ष्य है। इसी दौरान विधायक के इस प्रयास से गांव-हथो, सिंसर, बेलरखां, सुरजाखेड़ा, मोहालखेड़ा के सरपंच व जिला पार्षद वीरेंद्र सरपंच सिंगवाल ने आभार जताया।